# भीनमाल में विद्युत ट्रॉसफार्मर चोरी के दो आरोपी गिरपतार

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के भीनमाल पुलिस ने रविवार को विद्युत ट्रासफार्मर व सोलर प्लेट चोरी की सात वारदातों का अभियान भौकाल के तहत पर्दाफाश कर दो जनो को गिरफतार किया। विद्युत ट्रासफार्मर चोरी करने में प्रयुक्त वाहन पिकअप ट्रोला को जब्त किया। आरोपियों ने ट्रान्सफार्मर चोरी कर उसमें से तांबे के वायर एव तेल को निकालकर बेचना स्वीकार किया।

जालोर जिले के भीनमाल पुलिस थानाधिकारा रामेश्वर भाटी के नेतृत्व में गठित टीम ने जिला जालोर में चोरी किये हुये विद्युत ट्रासफार्मर व अज्ञात मुलजिमों की तलाश शुरू भरसक प्रयास किये जाकर सीसीटीवी फुटैज व मुखबिर तंत्र के आधार पर अभियुक्त की जानकारी प्राप्त कर आरोपी दीपाराम व हिरसिंह उर्फ हरीसिंह को दस्तयाब किया जाकर बाद पुछताछ गिरफतार कर विद्युत ट्रासफार्मर चोरी करने में प्रयुक्त वाहन पिकअप ट्रोला को जब्त किया गया, चोरीसुदा ट्रासफार्मर के संबंध में अग्रिम अनुसंधान जारी हैं।



भीनमाल पुलिस ने विद्युत ट्रॉसफार्मर व सोलर प्लेट चोरी की सात वारदात का पर्दाफाश कर दो जने गिरफ्तार किए। फोटो-राष्ट्रदूत

पुलिस ने बताया कि नरपत कुमार पुत्र वचनाराम राव निवासी खाण्डादेवल ने 18 फरवरी को रिपोर्ट पेश कर बताया की, कि मैं अपने परिवार सहित गांव खाण्डादेवल में बमौहल्ला खेतेश्वर कॉलोनी में रहता हूं। मेरे घर से करीब 100 मीटर दूरी पर विद्युत विभाग द्वारा गांव में विद्युत आपूर्ति हेतु ट्रांसफार्मर लगाया हुआ है, जिससे करीब 80-90 परिवारालों को विद्युत आपूर्ति होती है।

17 फरवरी रात्रि मैं खाना खाकर परिवार सहित सो गया था। रात्रि करीब 1.00 बजे के आस-पास लाईट चली गई, जिस पर मैं यह सोचकर सो गया कि थोडी देर में लाईट आ जाएगी, लेकिन रात भर लाईट बंद थी। आज सुबह जागकर मैं ट्रांसफार्मर देखने गए तो देखा कि मौके पर विद्युत विभाग का ट्रांसफार्मर नहीं था। मैंने गांव के लोगों को इकट्ठा कर उक्त ट्रांसफार्मर चोरी करने की सूचना दी। इसी प्रकार सरपंच वणधर ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि चारागाह में लगी सोलर प्लेटे कुल 09 में से 07 प्लेटे चोरी कर ले जाना, वगैरा रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

भीनमाल पुलिस थाना हल्का के भादरडा गांव से दो विद्युत ट्रासफार्मर, खाण्डादेवल गांव से 01 विद्युत ट्रासफार्मर , वणधर गांव से 07 सोलर विद्युत प्लेटे , रामसीन के गांव मोदरा ढाणी से 01 विद्युत ट्रासफार्मर, मोदरा से 01 विद्युत ट्रासफार्मर , जसंवतपुरा के गांव गोलाना से 01 विद्युत ट्रासफार्मर , पावटी से 01 विद्युत ट्रासफार्मर चोरी कर ले गये।

पुलिस ने बताया कि दीपाराम पुत्र भुराराम कलबी निवासी पावली पुलिस थाना जसवंतपुरा , हिरसिंह उर्फ हरीसिंह पुत्र शक्तिदान चारण उम्र 36साल निवासी आम्बातरी पुलिस थाना रामसीन के विरूद्व कई प्रकरण दर्ज है।

ट्रान्सफार्मर चोरी कर उसमें से तांबे के वायर एव तेल को निकालकर बेचना पूछताछ में किया स्वीकार किया।

## 'पुष्पा जैन की मेहनत से पाली भाजपा का गढ़'

**पाली**, (नि.सं.)। स्व.सुश्री पुष्पाजी जैन सदैव कार्यकर्ताओं की हिमायती रही , छोटे से छोटे काम मे कार्यकर्ताओ को साथ मे लेकर चली ,इसी वजह से पार्टी और कार्यकर्ता दोनों की पहचान बढी। यह उदगार पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने रविवार को स्व. सुश्री पुष्पा जैन की पुण्यतिथी अवसर पर आयोजित संगठन सदभावना सप्ताह के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहे।

पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा ने पुष्पा जैन की पुण्यतिथि पर आयोजित संगठन सप्ताह की जमकर प्रशंसा कर कहा कि पाली में होने वाला यह आयोजन पूरे देश मे मिशाल है। पूर्व सांसद पुष्प जैन ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को शिवप्रकाश प्रजापत, एडवोकेट शैतानसिंह सोनिगरा, मूलसिंह भाटी, महिला जिलाध्यक्ष मनोहर कंवर, उपसभापति ललित प्रितमानी, रामकिशोर साबू ने भी सम्बोधित किया। अध्यक्ष उगमराज सांड ने प्रतियोगिता के विजेता प्रतियोगियों की घोषणा की।

समिति सचिव रितेश छाजेड ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य प्रायोजक व सहप्रायोजक, विजेता प्रतियोगियों के अलावा सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रितेश छाजेड ने किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी कार्यकर्ताओ ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मुनव्वर अध्यक्ष, मिश्रीलाल म.स. व इसरानी व. उपाध्यक्ष



जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान ( जार ) की जोधपुर जिला इकाई घोषित हुई।

**जोधपुर**, (का.सं.)। जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) की वर्ष 2025 की पहली बैठक रविवार को पावटा चौराहा स्थित महर्षि दधीचि उद्यान में वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में जिला चुनाव संयोजक गुरूदत्त अवस्थी ने संगठन के प्रदेशाध्यक्ष संजय सैनी, संयोजक राकेश कुमार शर्मा, महासचिव सुरेश पारीक एवं प्रदेश संगठन मंत्री भंवर सिंह कछवाहा की अनुशंषा तथा जोधपुर इकाई के सदस्यों की सहमति से जोधपुर जार जिला इकाई की घोषणा की। वर्ष-2025 के लिए घोषित नई कार्यकारिणी में वरिष्ठ पत्रकार गुरूदत्त अवस्थी को नव सृजित पद जिला संयोजक एवं सैयद मुनव्वर अली को जिला अध्यक्ष व मिश्रीलाल पंवार को दुबारा महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा के.डी. इसरानी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेश शर्मा व मुकेश श्रीमाली को उपाध्यक्ष, महेश खेतानी को सचिव, गोपाल सिंह राठौड़ को कोषाध्यक्ष, अनिल पारीक को संगठन मंत्री, विष्णुचन्द्र प्रजापति को सांस्कृतिक सचिव, राष्ट्रीय कवि दिनेश सिंदल व सत्येन व्यास को कार्यक्रम संयोजक एवं दानिश अली को विधि सलाहकार इत्यादि पदों पर नियुक्ति प्रदान की गई। नई टीम में बतौर कार्यकारिणी सदस्य घनश्याम डी. रामावत, रंजन दैया, रामजी व्यास, अरुण माथुर, अश्विनी व्यास, यश पारीक, बहादुर सिंह चौहान, घनश्याम भारती, महावीर शर्मा, हरिप्रकाश माथुर एवं गुलाम मोहम्मद को शामिल किया गया है। बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम चतुर्वेदी, जिला संयोजक गुरूदत्त अवस्थी, जिला अध्यक्ष सैयद मुनव्वर अली व महासचिव मिश्रीलाल पंवार ने पत्रकार हितों को लेकर विभिन्न मुद्दों पर विचार व्यक्त किये। बैठक में मनोज बोहरा, विनोद पारीक, राजकुमार शर्मा, चेतन चौहान, शम्मी उल्लाह खान, शिवनारायण शर्मा, कालूराम प्रजापत, लालचन्द प्रजापत, प्रिंस गोस्वामी व मुकेश टाक इत्यादि सदस्य मौजूद रहे।

# अंडर 18 एथलेटिक्स प्रति. के लिए जालोर टीम रवाना

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में अजमेर के नवनिर्मित पटेल स्टेडियम के एथलेटिक्स ट्रैक पर आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय यूथ अंडर 18 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए जालोर के खिलाडी शनिवार देर रात रवाना हुए।

जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल ने बताया कि राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2 से 3 मार्च तक अजमेर में आयोजित हो रही है।जिसमें जालोर के खिलाडी जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव कन्हैयालाल मिश्रा के नेतृत्व में जालोर जिला एथलेटिक्स संघ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जालोर टीम में प्रेरणा बालावत बादनवाडी कप्तान, भूमिका राजपुरोहित बादनवाडी उपकप्तान,वहीं नमन गेहलोत,अशोक चौहान जालोर शहर से व रुद्रप्रताप सिंह बादनवाडी से जालोर यूथ अंडर 18 एथलेटिक्स टीम का राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।



राज्य स्तरीय यूथ अंडर 18 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए जालोर जिले की टीम अजमेर रवाना हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

## हिस्ट्रीशीटर तथा उसका साथी गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर का वीडियो सामने आया है। जोधपुर में अवैध बजरी डंपर के साथ फिल्मी स्टाइल में वीडियो बनाने वाले हिस्ट्रीसीटर के माफी मांगने का वीडियो सामने आया है माफ़ी मांगने वाला हिस्ट्रीशीटर राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र का है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही उसके एक साथी को भी गिरफ्तार किया गया है। हिस्ट्रीशीटर का वीडियो सामने आने के बाद अब उसके माफी मांगने का वीडियो सामने आया है।

फिल्मी स्टाइल में वीडियो बनाने वाला वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने महबूब खान (35) पुत्र उमर खान निवासी मस्जिद की ढाणी घंटियाला थाना राजीव गांधी नगर और सईद खान पुत्र मंगले खान को गिरफ्तार किया गया। महबूब खान राजीव गांधी नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है जिसके खिलाफ 20 मामले दर्ज हैं।

# अम्बेडकर छात्रावास में विदाई समारोह आयोजित



जालोर के अम्बेडकर छात्रावास में बारहवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राजकीय अंबेडकर छात्रावास जालोर प्रथम के बारहवीं के छात्रों का विदाई समारोह रविवार को आयोजित किया गया।

जिसमें अध्यक्षता रवि सोलंकी बीजेपी नगर अध्यक्ष जालोर ने की। मुख्य अतिथि सुरेश पूर्व बीजेपी नगर अध्यक्ष जालोर हेमेंद्र, बीजेपी युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष, मनोहर राणा एसटी मोर्चा जिला महामंत्री जालोर, उर्मिला दर्जी बीजेपी महिला मोर्चा महामंत्री , गोपी कुमारी नर्सिंग ऑफिसर, क्रीडा भारती भागीरथ गर्ग, जय नारायण छात्रावास अधीक्षक मेघवाल समाज छात्रावास जालोर, सुरेश कुमार वाघेला आदि उपस्थित रहे इस दौरान रवि सोलंकी द्वारा विदाई लेने वाले बच्चो को आगे भविष्य में अपने लक्ष्य और एग्जाम की तैयारियां, सशक्त समाज, देश, संस्कृति, भविष्य में आगे बडने हेतू मार्गदर्शन किया। सुरेश जी पूर्व नगर अध्यक्ष बीजेपी ने बच्चो को प्रतियोगी परीक्षाओं के त्यारी अपने लक्ष्य निर्धारित करने समय के सदुपयोग करने संबंधी बच्चों का मार्गदर्शन कर बाबा साहेब के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। मनोहर राणा ने बच्चो को आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए तैयारी हेतु अपने विचार प्रकट किए। जय नारायण बच्चो को आगे भविष्य कैरियर निर्माण के लिए जागृत किया। सुरेश कुमार वाघेला द्वारा बच्चो को बाबा साहेब कि जीवनी पर प्रकाश डालकर बच्चों को बाबा साहेब मार्ग पर चलने के लिए आग्रह किया गया ।कैलाश जीनगर छात्रावास अधीक्षक द्वारा बच्चो को कॉलेज लाइफ के दौरान टाईम मैनेजमेंट की जानकारी देकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन किया गया।

## वरघोड़ा जुलूस पर मधुमक्खियों ने हमला किया

**जोधपुर**, (कासं)। जैन मंदिर से वरघोड़ा के बाद वापस लौट रहे वरघोड़ा जुलूस पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। वरघोड़ा जुलूस में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे।

मामला जोधपुर के ओसियां का सुबह 10:17 बजे का है।

जानकारी के अनुसार, 100 से अधिक महिला-पुरुष घायल हुए हैं।हमले के दौरान लोगों के घरों में भाग कर, गाड़ियों के पीछे छिपकर मधुमक्खियों से अपना बचाव किया।

इसका वीडियो देर शाम सोशल मीडिया पर सामने आया।

घायलों को ओसियां के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इसमें से 10 से अधिक गंभीर घायलों का इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार, रविवार को ओसियां जैन मंदिर में से सुबह ध्वज के साथ जैन समाज की ओर से वरघोड़ा निकाला जा रहा था। जो पूरे गांव में घूमकर सुबह 10:17 बजे वापस लौट रहा था।

जुलूस वापस जैन मंदिर पहुंचकर विसर्जित होता, इससे पहले कुछ दूरी पर स्थित जैन स्कूल के पास छत्ते से निकलकर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया।

जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि साउंड सिस्टम की तेज ध्वनि से मधुमक्खियों के आक्रामक होने का कारण सामने आ रहा है।

वीडियो में नजर आ रहा है कि अचानक वरघोड़े के एक जगह पहुंचते ही मधुमक्खियां हमला कर देती हैं। जुलूस में चल रहे बच्चे, महिलाएं और पुरुष दौड़ते नजर आ रहे हैं।

इस दौरान कुछ लोग घरों में भागते नजर आ रहे हैं तो कुछ लोग गाड़ियों के नीचे छिपकर और जमीन पर लेटकर मधुमक्खियों से बचाव करते नजर आ रहे हैं।

## रक्तदान शिविर आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। रविवार को पारस ब्लड सेन्टर के चीफ ट्रस्टी स्व सुखराज मेहता की जयंती के उपलक्ष में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन पारस ब्लड सेन्टर, सरदारपुरा, जोधपुर में किया गया। स्व. सुखराज मेहता की जयंती के कार्यक्रम पर रक्तदान शिविर में शहर विधायक अतुल भंसाली, लघु भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा एवं लॉयन्स क्लब्स इन्टरनेशनल के मल्टीपल कौसिंल चेयरमैन डॉ. संजीव जैन, एडवोकेट एम.एम. राजपुरोहित, बाबूलाल शाह, दिलीप माथुर, डॉ. सुरेन्द्रसिंह सिसोदिया, डॉ. मुकेश व्यास आदि मौजूद रहे।

# पाली में श्याम बाबा की निशान यात्रा कल

पाली, (नि.सं.)। श्री श्याम निशान यात्रा संघ के सभी सदस्यों में फागण माह में श्री खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा दिनांक 4 मार्च 2025 को भव्य रूप देने हेतु करीब 500 बाबा के निशान व 2500 झंडिया तैयार की जा रही हैं। जिनसे पाली शहर का पूरा बाजार सजाया जाएगा। बाबा श्याम का श्रृंगार कलकत्ता के कुशल कारीगरों द्वारा वही से मंगवाए गए रंग भी रंगे फूलो से किया जाएगा। यह निशान यात्रा गीता भवन से प्रारम्भ होकर सुरजपोल, सोमनाथ मन्दिर से सर्राफा बाजार होते हुए गोपीनाथजी मन्दिर में दर्शन करके अग्रसेन भवन सम्पन्न होगी। यात्रा समापन के बाद प्रसाद रूपी भोजन की भक्तो के लिए व्यवस्था रहेगी। और 4 मार्च की रात्रि को अग्रसेन भवन में भव्य भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। जिसमें ब्यावर के दीपांशु अग्रवाल एवं पाली के भजन प्रवाहकों द्वारा अरदास कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में गिरीश गोयल, विष्णु गुप्ता,जितेंद्र अग्रवाल, पंकज गुप्ता, राहुल सारडा, हितेश अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, राजीव डालमिया , नीलम बंसल, राजेश बिन्दल, कैलास गुप्ता, रविन्द्र सोनी, अमित अग्रवाल, अनिल पौदार, मयूर, रामावतार अग्रवाल, नवरतन अग्रवाल, मुकेश आदि जुटे हैं। श्याम महिला मंडल की ओर से सोमवार शाम को गीता भवन में फाग उत्सव होगा।

## सड़क किनारे 5 घंटे तक पड़ा रहा युवक का शव

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर के लोर्डिया तालाब किनारे शनिवार दोपहर को अज्ञात कारणों के चलते एक युवक की मौत हो गई। मृतक का शव करीब 5 घंटे तक सड़क किनारे पड़ा रहा। शव को देख बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सूचना के बाद तीन थानों व एक चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। वे अपना थाना हल्का नहीं होने का अलग-अलग हवाला देते हुए आपस में उझते नजर आए। वहीं मृतक के परिजन पुलिस कर्मियों से शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखने की गुहार लगाते रहे। आखिरकार रात 9:30 बजे शव वाहिनी बुलाकर मृतक के शव को बांगड़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

जानकारी के अनुसार शहर के पांच मौका पुलिया निवासी कालूराम (42) पुत्र प्रकाश वाल्मीकि की अज्ञात कारणों के चलते शनिवार दोपहर करीब 4 बजे मौत हो गई। उसका शव सड़क किनारे पड़ा रहा। शव को देख बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। लोगों ने मृतक की पहचान करते हुए मृतक के परिजनों को सूचना दी। इसके बाद मृतक की पत्नी पुत्र व पुत्री मौके पर पहुंचे। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। करीब 4 घंटे तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इस लोगों ने पुलिस अधिकारियों से बात की। करीब 8 बजे बांगड़ अस्पताल पुलिस चौकी का एक कांस्टेबल मौके पर पहुंचा। उसने बाइक पर बैठे-बैठे लोगों से कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर थाने का मामला है। इस बीच कोतवाली थाने के दो पुलिसकर्मी बाइक पर सवार होकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह हल्का तो ट्रांसपोर्ट नगर या औद्योगिक थाने का है। उन्होंने औद्योगिक और ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। कुछ देर बाद दोनों थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंची। तीन थानों व एक चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर एक-दूसरे से चर्चा करते हुए नजर आए।

# भामाशाहों का सम्मान 6 को

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। पिछले 30 वर्षों से चिकित्सीय सुविधाएँ प्रदान करने हेतु सेवारत श्री माहेश्वरी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर प्रांगण में गुरुवार 6 फरवरी को प्रातः 9 बजे अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सा विभाग का उद्घाटन एवं भामाशाहों का सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा।

आयोजन पोकरण विधायक महन्त प्रतापपुरी महाराज, छोटूसिंह भाटी जैसलमेर विधायक के मुख्य आतिथ्य में होगा।

# मन के भीतर की बात को बाहर निकालना जरूरी : डॉ. उपाध्याय

**जोधपुर**, (का.सं.)। कवि एवं समीक्षक डॉ. कौशलनाथ उपाध्याय ने कहा कि साहित्य के लिए बहुत जरूरी है कि मन के भीतर की बात बाहर निकाली जाए। सुश्री गीता भट्टाचार्य ने स्त्री की चेतना, संवेदना और गहरी पीड़ा को अपनी कहानी में बेहद ही करीने से संजोया है। डॉ. उपाध्याय रविवार को गांधी भवन सभागार में अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद के तत्वावधान में आयोजित गीता भट्टाचार्य की लम्बी कहानी -उलझन सुलझे ना- के विमोचन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अपनी कहानी में लेखिका ने कथानायक व कथानायिका को ये छूट दी है कि वे अपने भीतर के द्वंद्व को अभिव्यक्त कर सकें। और वाकई यदि किसी उलझन को सुलझाना है तो आपको खुलकर बोलना ही पड़ेगा। ये कहानी भी कुछ इस तरह की है। भावनाओं से गुंथी इस कहानी में उलझनों के अनेका स्तर हैं।

कहानी का हर पात्र अपनी उलझन में इस कदर उलझा है कि कहानी को पढ़ना रोचक हो जाता है। सही मायनों में कहें तो ये आदर्श व स्वस्थ परम्पराओं की कहानी है।

कहानी संग्रह की लेखिका व प्रदेश की वरिष्ठ रंगकर्मी गीता भट्टाचार्य ने बताया कि उनकी स्कूल समय की मित्र कमल राठौड़ ने उन्हें इस कहानी को लिखने व उसे प्रकाशित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस कहानी संठाह के कुछ पन्ने भी श्रोताओं को पढ़कर सुनाए और पूरी कहानी पढ़ने का आठाह किया। इससे पूर्व विशिष्ट अतिथि कथाकार व कवयित्री आशा पाराशर ने कहा कि ये उनका सौभाग्य है कि वे अपने स्कूली समय की गुरु सुश्री गीता भट्टाचार्य के कहानी विमोचन समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद हैं। उन्होंने कहानी संठाह -उलझन सुलझे ना -की संक्षिप्त समीक्षा भी प्रस्तुत की और बताया इसे पढ़ने का एक अलग ही आनन्द है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए हबीब कैफी ने इस कहानी संठाह की भाषा की प्रशंसा की और कहा कि मुझे अपनी पहली किताब का विमोचन याद आगया जो आदरणीय भावुक जी ने करवाया था। आगे उन्होंने कहा आज कालजयी लिखने की जरूरत है। परिषद की महामंत्री डा पद्मजा शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जीवन इतना सरल कहां है। इंसान की उलझनें इतनी अधिक हैं कि उससे बाहर निकलने का समय नहीं मिलता। लेखक खुद ही उसमें उलझ कर रह जाता है। प्रारम्भ में मां सरस्वती की तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित की गई, जबकि हेना भट्टाचार्य ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

गांधी शांति प्रतिष्ठान के सचिव डा. भावेन्द्र शरद जैन ने परिषद के कार्यों की जानकारी दी। अतिथियों व विशेष मेहमानों को दुपट्टा ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संचालन कवयित्री सूरज माहेश्वरी ने किया।




जोधपुर के गांधी भवन सभागार में अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद के तत्वावधान में गीता भट्टाचार्य की कहानी का विमोचन समारोह आयोजित हुआ।

# कुम्भ से लौटे सिन्धी तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया



पाली के झूलेलाल मंदिर में सिन्धी सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश पुरशवानी व पूर्व उपसभापति ललित प्रितमानी की अध्यक्षता में कुम्भ स्नान कर लौटे सिन्धी बंधुओं का सम्मान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.) । झूलेलाल मंडल सिन्धी कॉलोनी के तत्वाधान में बीज के अवसर पर सिन्धी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर में सिन्धी सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश पुरशवानी व पूर्व उपसभापति ललित प्रितमानी की अध्यक्षता मे कुम्भ स्नान कर लोटे सिन्धी बंधुओ व मातृ शक्ति का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पूज्य झूलेलाल मंडल सचिव सुनील निहलानी ने बताया ने बताया कि कोकिला नारवानी व दीपक आडवाणी के संयोजन में आयोजित इस समारोह में 101 तीर्थ यात्रियों का सिन्धी छेज,भजन संध्या ,माल्यार्पण व अल्पाहार करवा कर अभिनन्दन किया गया। इस समारोह में जयकिशन रामचंदानी,राधाकिशन शिवनानी, ललित निहलानी,हरीश गुरनानी, सुरेश परशवानी, नत्थू भाई गंगवानी, महेश निहलानी, नवीन निहलानी,टिकम दास वासवानी, सहित कई समाज बंधुओं ने शिरकत की।